समीक्षा

सुरक्षा, भीड़ प्रबंधन और श्रद्धालुओं की सुविधाओं की हुई व्यापक समीक्षा

बढ़ती श्रद्धालुओं की संख्या को देखते हुए जामसांवली धाम का विशेष सुरक्षा ऑडिट

नवभारत न्यूज़

सौंसर 2 जुलाई. चमत्कारिक श्री हनुमान मंदिर (हनुमान लोक) जामसांवली धाम में लगातार बढ़ रही श्रद्धालुओं की संख्या को ध्यान में रखते हुए गुरुवार को मंदिर परिसर में विशेष सुरक्षा एवं भीड़ प्रबंधन ऑडिट किया गया। ऑडिट का उद्देश्य मंदिर की सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाना तथा श्रद्धालुओं को सुरक्षित एवं सुव्यवस्थित दर्शन की सुविधा उपलब्ध कराना रहा।

विशेष शाखा, जबलपुर के पुलिस अधीक्षक दिनेश कौशल ने श्री हनुमान जी के दर्शन-पूजन कर

प्रदेशवासियों एवं देशभर से आने वाले श्रद्धालुओं के सुख-समृद्धि और कल्याण की कामना की। इसके बाद मंदिर परिसर में आयोजित समीक्षा बैठक में सुरक्षा व्यवस्था, भीड़ नियंत्रण, आपातकालीन प्रबंधन, पार्किंग, प्रवेश एवं निकास व्यवस्था सहित श्रद्धालुओं की सुविधाओं से जुड़े विभिन्न पहलुओं की विस्तृत समीक्षा की गई।

बैठक में अधिकारियों ने विशेष अवसरों पर उमड़ने वाली भीड़ के प्रभावी प्रबंधन, आधुनिक सुरक्षा संसाधनों के उपयोग, सीसीटीवी निगरानी, पुलिस बल की तैनाती तथा आपदा की स्थिति में त्वरित कार्रवाई के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। साथ ही श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए व्यवस्थाओं को और अधिक मजबूत बनाने पर जोर दिया गया।

इस अवसर पर डीएसपी अनुराग दुबे, एसडीओपी सौसर श्रीमती प्रियंका पांडेय, थाना प्रभारी रूपलाल उइके, मंदिर संस्थान के सचिव टीकाराम कारोकर, सीईओ वीरेंद्र भट्ट सहित पुलिस विभाग एवं मंदिर संस्थान के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

उल्लेखनीय है कि हनुमान लोक जामसांवली धाम श्रद्धालुओं की बढ़ती संख्या के कारण मध्यभारत के प्रमुख धार्मिक स्थलों में अपनी अलग पहचान बना चुका है। इसी के मद्देनज़र मध्यप्रदेश शासन द्वारा मंदिर की सुरक्षा, भीड़ प्रबंधन एवं श्रद्धालुओं की सुविधाओं को और अधिक सुदृढ़ बनाने के लिए नियमित रूप से आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं।

औद्योगिक क्षेत्र से निकल रहे दूषित पानी के मामले में पंचायत ने कलेक्टर एवं AKVN प्रबंधन को सौंपा ज्ञापन

नवभारत न्यूज

सौसर 2 जुलाई – ग्राम पंचायत बोरगांव द्वारा आज जिला कलेक्टर एवं मध्यप्रदेश औद्योगिक विकास निगम प्रबंधन को औद्योगिक क्षेत्र से निकलने वाले दूषित अपशिष्ट जल की समस्या के संबंध में ज्ञापन सौंपकर तत्काल प्रभावी कार्रवाई की मांग की गई।

मुख्य मार्ग पर जमा हो रहा केमिकल युक्त पानी, भूजल प्रदूषित होने की आशंका ज्ञापन में बताया गया कि विगत कई दिनों से औद्योगिक क्षेत्र से निकलने वाला दूषित अपशिष्ट जल रेमंड कंपनी के सामने एवं मुख्य मार्ग के किनारे लगातार जमा हो रहा है। इससे क्षेत्र में पर्यावरण प्रदूषण, जलभराव एवं भारी दुर्गंध की स्थिति निर्मित हो रही है।

ज्ञापन सौंपने के दौरान यह रहे उपस्थित

इस दौरान ग्राम पंचायत बोरगांव के उपसरपंच घनश्याम कालबांडे, पंच पुरुषोत्तम काकड़े, ज्ञानेश्वर ताजने, प्रफुल्ल देवतले, पंच श्रीमती श्वेता पुसदेकर, श्रीमती सविता हिंगवे तथा ग्राम पंचायत सचिव कैलाश जिवतोडे सहित समस्त पंचगण मुख्य रूप से उपस्थित रहे। बहरहाल पंचायत ने जिला प्रशासन एवं चक्षुह्न प्रबंधन से जनहित एवं पर्यावरण संरक्षण को दृष्टिगत रखते हुए इस गंभीर समस्या के निराकरण हेतु शीघ्र एवं प्रभावी कार्रवाई करने का आग्रह किया है।

दोषियों पर कार्रवाई और स्थायी निकासी की मांग

ग्राम पंचायत ने प्रशासन से मांग की है कि इस गंभीर मामले की तत्काल उच्च स्तरीय जांच कराई जाए और दूषित जल की वैज्ञानिक व स्थायी निकासी की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। साथ ही, यदि इस मामले में किसी भी स्तर पर लापरवाही अथवा नियमों का उल्लंघन पाया जाता है, तो संबंधित जिम्मेदारों के विरुद्ध नियमानुसार कड़ी कार्रवाई की जाए।

आबकारी की दबिश, चार पर अवैध शराब का केस दर्ज

सौसर 02 जुलाई – अवैध शराब के विनिर्माण, परिवहन, संग्रहण एवं विक्रय पर प्रभावी अंकुश लगाने के उद्देश्य से लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में आज गुरुवार को आबकारी वृत्त सौसर द्वारा ग्राम देवी, बडोसा एवं सौसर में विशेष दबिश देकर अवैध शराब के विरुद्ध कार्रवाई की गई। कार्रवाई के दौरान कुल 04 प्रकरण दर्ज किए गए। उक्त कार्रवाई में मध्य प्रदेश आबकारी अधिनियम, 1915 की धारा 34(1) के अंतर्गत प्रकरण पंजीबद्ध किए गए। संपूर्ण कार्रवाई के दौरान वृत्त प्रभारी कु. भारती गौंड एवं आबकारी स्टॉफ उपस्थित रहे।

जिला पांढुरना में दैनिक वर्षा की जानकारी दिनांक 2/07/2026स्थिति में कुल वर्षा

तहसील	आज	कुल
1.पांढुरना	78.3mm	270.1mm
j2 सौसर	40mm	321 mm

गोधूलि वृद्धाश्रम में मनाया वात्सल्य महोत्सव

छिंदवाड़ा – गुरुवार के शुभ दिन सर्वोदय अहिंसा की टीम के साथ अहिंसा प्रेमी जयसवाल परिवार के सदस्य गोधूलि वृद्धाश्रम पहुंचे और वहां निवास कर रहे सभी बुजुर्गों की कुशल क्षेम पूछकर उन्हें स्वादिष्ट भोजन कराया एवं एक पौधा मां के नाम लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। सुंदर एवं हृदय स्पर्शी आयोजन स्मृति शेष धर्मशीला देवी जयसवाल एवं जितेंद्र जायसवाल की याद में उनके सुपुत्र देवेंद्र जयसवाल, वरिष्ठ पत्रकार धर्मेंद्र जयसवाल, स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर दीपक राज जैन, अबीर जयसवाल एवं अनुष्का जयसवाल द्वारा किया गया। इस अवसर पर दीपक राज जैन ने सभी को पर्यावरण संरक्षण सहित छिंदवाड़ा को स्वच्छ - स्वस्थ एवं सुंदर बनाने की शपथ दिलाई साथ ही सभी ने गोधूलि वृद्धाश्रम में सेवा कार्य कर सर्वोदय अहिंसा का संदेश दिया।

महाविद्यालय में नव प्रवेशित छात्रों का आज करेंगे स्वागत

नव भारत न्यूज

पांढुना, 02 जुलाई, नगर के शासकीय विज्ञान महाविद्यालय में नव-प्रवेशित विद्यार्थियों के लिए दीक्षारंभ कार्यक्रम का आयोजन 03 जुलाई 2026 को दोपहर 12 बजे किया जाएगा।कार्यक्रम के दौरान छात्रों को राष्ट्रीय शिक्षा नीति, महाविद्यालय की सुविधाओं, छात्रवृत्ति, पुस्तकालय, खेलकूद एवं अन्य शैक्षणिक गतिविधियों की जानकारी प्रदान की जाएगी। महाविद्यालय के प्राचार्य तथा प्राध्यापकों ने सभी नव-प्रवेशित विद्यार्थियों से समय पर उपस्थित रहने की अपील की है।

अमृत हरित महाभियान 2 .0 : नपा ने गोहठान विद्यालय में किया वृक्षारोपण

पर्यावरण संरक्षण के लिए सभी ने लिया पौधों की देखभाल का संकल्प

नवभारत न्यूज

सौसर 2 जुलाई, नगर पालिका परिषद सौंसर द्वारा पर्यावरण संरक्षण, हरित क्षेत्र के विस्तार और भावी पीढ़ी में प्रकृति के प्रति जागरूकता लाने के उद्देश्य से %अमृत हरित महाभियान 2.0% के अंतर्गत एक वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम स्थानीय गोहठान विद्यालय परिसर में गरिमामय माहौल में संपन्न हुआ।

अध्यक्ष व गणमान्य नागरिकों की रही उपस्थिति: कार्यक्रम में मुख्य रूप

से नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती सुरेखा इंदरचंद डागा उपस्थित रहीं। उनके साथ ही निकाय के अधिकारी-कर्मचारियों, विद्यालय के प्राचार्य, शिक्षकगण और स्कूली छात्र-छात्राओं ने इस अभियान में अपनी भागीदारी दर्ज कराई।

रोपे गए फलदार और छायादार पौधे: अभियान के तहत गोहठान विद्यालय परिसर में विभिन्न प्रजातियों के छायादार और फलदार पौधों का रोपण किया गया। वृक्षारोपण के पश्चात केवल औपचारिकता न निभाते हुए, उपस्थित सभी जनप्रतिनिधियों, शिक्षकों और विद्यार्थियों ने मिलकर रोपे गए पौधों की नियमित देखभाल, सिंचाई और उनके सुरक्षित संरक्षण का सामूहिक संकल्प भी लिया।

यह केवल अभियान नहीं, सुरक्षित भविष्य का जनसंकल्प : नपा अध्यक्ष

इस अवसर पर उपस्थित जनों को संबोधित करते हुए नपा अध्यक्ष श्रीमती सुरेखा इंदरचंद डागा ने कहा कि अमृत हरित महाभियान 2.0 केवल पौधे लगाने का एक प्रशासनिक अभियान मात्र नहीं है, बल्कि यह हमारी आने वाली पीढ़ियों के लिए एक स्वच्छ, हरित और सुरक्षित पर्यावरण सुनिश्चित करने का एक पवित्र जनसंकल्प है। हम सभी को मिलकर धरती को हरा-भरा बनाने में अपना योगदान देना होगा।

टेमनी कला की रूकी डोके बनीं महिला सशक्तिकरण की मिसाल

नवभारत न्यूज,

पांढुर्णा /02 जुलाई, खेती में लगातार हो रहे नुकसान और बढ़ते कर्ज के बावजूद ग्राम टेमनी कला की श्रीमती रूकी डोके ने कभी हार नहीं मानी। महिला स्वयं सहायता समूह से जुड़कर उन्होंने न केवल अपने परिवार की आर्थिक स्थिति को संभाला, बल्कि पूरे गांव की महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने की प्रेरणा देकर रोजगार की नई राह भी दिखाई। रूकी डोके बताती हैं कि उनका विवाह एक साधारण परिवार में हुआ था। उनके पति खेती करते थे, लेकिन हर वर्ष फसल में नुकसान होने के कारण परिवार पर कर्ज का बोझ लगातार बढ़ता गया। बेटे आयुष की पढ़ाई का खर्च उठाना कठिन हो गया और इसी बीच ससुर की तबीयत भी खराब रहने लगी। ऐसे कठिन समय में परिवार के सामने आर्थिक संकट गहराता चला गया। इसी दौरान गांव की आंगनवाड़ी कार्यकर्ता ने उन्हें महिला स्वयं सहायता समूह से जुड़ने की सलाह दी। समूह से जुड़ने के बाद प्राप्त अनुदान राशि से रूकी ने एक बकरी खरीदी और बकरी पालन का कार्य शुरू किया। धीरे-धीरे उनकी मेहनत रंग लाई और बकरियों की संख्या बढ़ने लगी, जिससे परिवार की आय में भी वृद्धि हुई।

बारिश में तालाब बनी सड़क, प्रतिदिन हो रही सड़क दुर्घटना

पार्षद ठाकरे ने पीएमजीएसवाए के अधिकारियों की बताई लापरवाही

नवभारत न्यूज़

सौसर 2 जुलाई. प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (PMGSY) के तहत बनी सड़क की बदहाली बारिश में उजागर हो गई है। सौसर से नीमनी सड़क पर बड़े-बड़े गड्ढों में पानी भरने से तालाब जैसी स्थिति बन गई है।

स्थानीय नागरिकों का कहना है कि बोर्ड पर योजना का नाम तो दर्ज है, लेकिन सड़क की गुणवत्ता और रखरखाव नहीं। जलभराव के कारण दोपहिया वाहन चालकों और पैदल राहगीरों को भारी

परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्कूली बच्चे, बुजुर्ग और महिलाएं फिसलने के डर से निकलने को मजबूर हैं। बीते दिवस एक मोटरसायकल सवार गिरने सेगंभीर रूप से घायल हो गया जिसका इलाज नागपुर में चल रहा है। आसपास के रहवासियों ने बताया कि गड्ढों में भरे गंदे पानी से मच्छरों का प्रकोप भी बढ़ रहा है, जिससे बीमारियों का खतरा है। बारिश के दिनों में यह समस्या और गंभीर हो जाती है। पार्षद प्रशांत बापू ठाकरे ने जिला प्रशासन और PMGSY के अधिकारियों से तत्काल सड़क की मरम्मत, गड्ढों को भरने और जल निकासी की समुचित व्यवस्था करने की मांग की है। साथ ही निर्माण कार्य की गुणवत्ता की जांच कर जिम्मेदार ठेकेदार पर कार्रवाई की भी अपील की है।

युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

नव भारत न्यूज

बड़चिचोली,2जुलाई, ग्राम बड़चिचोली के ढाना निवासी दिगांबर पिता शेषराव सवाई 30 का आज गुरुवार की सुबह इसी के खेत के कोठे में फांसी के फंदे पर झुलता हुआ शव मिला, सूचना पर घटनास्थल पहुंचे पुलिस अधिकारियों द्वारा पंचनामा कार्यवाही बाद मृतक युवक का शव फांसी के फंदे से निचे उतारने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए पांढुरना नगर जिला मुख्यालय पहुचाया, पुलिस द्वारा मार्ग कायम कर जांच

में जुट गई हैं, वहीं घटना कक लेकर ग्राम में अनेको प्रकार की जन चर्चा व्याप्त हैं ।

सांसद बंटी विवेक साहू की दुसरे दिन भी जारी रही पदयात्रा

छिन्दवाड़ा। अपनी छिंदवाड़ा से मैहर तक की 375 कि.मी. की 14 दिवसीय धार्मिक पदयात्रा शुरू करने के पहले सांसद बंटी विवेक साहू ने मां शारदा से जिलेवासियों के लिए खुशहाली की कामना के साथ ही शहर सहित जिलेभर में बारिश कराने की प्रार्थना की थी। सांसद बंटी विवेक साहू ने अपने सैकड़ों पदयात्रियों के साथ पदयात्रा शुरू करने के कुछ घंटों बाद ही छिंदवाड़ा शहर सहित जिलेभर में बारिश का दौर शुरू हो गया था। बारिश होने से जहां किसानों के चेहरे खिल गए है वहीं आमजनों ने भी राहत की सांस ली है।

गायत्री शक्तिपीठ के सामुदायिक भवन निर्माण के लिए महिला मंडल ने दी 21 हजार की दान राशि

नवभारत न्यूज,

पांढुरना,2 जुलाई, गायत्री शक्तिपीठ के सामुदायिक भवन निर्माण हेतु पांच कुंडीय यज्ञायोजक महिला मंडल द्वारा 21 हजार रूपए की नगद राशि मंदिर के ट्रस्टी तथा पदाधिकारियों को सौंपी,शक्तिपीठ द्वारा महिला मंडल का आभार माना। गौरतलब हो कि नगर के संत जलाराम वार्ड स्थित गायत्री शक्तिपीठ परिसर में

सामुदायिक भवन का निर्माण कराया जाना प्रस्तावित है,जिसका बीते दिनों जिले के सांसद विवेक बंटी साहू के हस्ते विधिवत भूमि पुजन किया गया था,इस भव्य सामुदायिक भवन के निर्माण हेतु स्वयं सांसद द्वारा दस लाख रूपए की राशि देंने की घोषणा कि है। वहीं बीते दिवस गायत्री शक्तिपीठ में संपन्न हुई महत्वपूर्ण बैठक में पांच कुंडीय यज्ञायोजक महिला मंडल द्वारा गायत्री शक्तिपीठ के इस सामुदायिक भवन के निर्माण हेतु अपनी और से 21 हजार रूपए की नगद राशि ट्रस्टी जयंत चरड़े को सौपी इस अवसर पर योगीराज वानोड़े,आदि प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

3 मरीजों को सांसद के प्रयास से मिली सहायता राशि

छिन्दवाड़ा। आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के मरीज एवं उनके परिजन लगातार सांसद बंटी विवेक साहू से संपर्क कर बिमारी के लिए आर्थिक सहायता की अर्जी लगा रहे है। सांसद श्री साहू भी सभी आवेदनों पर गंभीरता से विचार कर उन्हें मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के सहयोग से उनकी स्वेच्छानुदान मद से बिमारी के इलाज के लिए आर्थिक सहायता राषि भी उपलब्ध करा रहे है। वर्तमान में सांसद श्री साहू के प्रयासों से 3 मरीजों को एक लाख 25 हजार की आर्थिक सहायता राशि प्राप्त हुई है।

गुरूपौर्णिमा पर्व पर खंड़वा में होने वाले महोत्सव के लिए भक्तगण रवाना

भजलो दादाजी का नाम भजलो हरीहरजी के नाम के जयघोष के साथ पैदल खंड़वा रवाना हो रहे जत्थे

नवभारत न्यूज,

पांढुरना,2जुलाई, दादाजी धूनीवाले के प्रसिद्ध पवित्र धाम खंडवा में गुरु पूर्णिमा को होने वाले महाआरती में शामिल होने नगर सहित क्षेत्र के विभिन्न ग्रामों से भक्तजनों के जत्थे निशान लेकर भज लो दादाजी का नाम भज लो हरि हरजी के नाम का जयघोष करते हुए पैदल खंड़वा जा रहे है.

उल्लेखनीय हो कि गुरु पूर्णिमा के पावन पर्व पर दादाजी धूनीवाले के खंडवा स्थित धार्मिक स्थल पर होने वाली महाआरती में शामिल होने देश के अन्य क्षेत्रों की तरह ही पांढुरना नगर तथा क्षेत्र के विभिन्न ग्रामों से हजारों की संख्या में धर्मप्रेमी खंडवा जाते है,इस क्षेत्र के अधिकांश लोगों के दादाजी धुनीवाले आराध्य भगवान है,इनकी दादाजी पर अपरा आस्था है,वर्षों से सैकड़ों अनुयायी गुरुपौर्णिमा का लगभग एक माह पहले से ही यहां से खंडवा तक की पैदल यात्रा पर निकल पड़ते है। लगभग तीन सौ किलोमीटर की यह यात्रा सैकड़ों भक्तों द्वारा भज लो दादाजी का नाम भज लो हरि हरजी के नाम का जयघोष करते हुए यात्रा पैदल पूरी करते है।

प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी अपने आस्था के अनुरूप दादाजी के प्रवित्र धाम खंड़वा जाने के लिए भक्तगणों की टोलियाँ यहां से रवाना होने लगी है,यह सभी टोलियाँ सबसे पहले नगर के तिन शेर चौक स्थित टपरियाँ नाम से प्रसिध्द दादाजी के दरबार में हाजरी लगाने के साथ पुजा आरती कर यात्रा के लिए रवाना होते है, यहां के बाद वे भंदारगोंदी के पास आखरे के खेत में बने दादाजी दरबार,फिर ग्राम मांडवी के पास वाले दरबार में भी आरती पुजा करते है, भक्तगणों की माने तो पहले इस पैदल यात्रा में पहले अधिक समय लगता था, लेकिन अब यह मार्ग अच्छा बनने के कारण पदयात्रियों को खंडवा पहुंचने में सुविधा है,निशान लेकर खंडवा जाने वाले पद्यात्रियों का जगह-जगह स्वागत किया जा रहा है .

इस वर्ष आगामी 29 जुलाई को गुरूपौर्णिमा पर्व के चलते खंड़वा के दादाजी दरबार में होने वाली महाआरती में शामिल होने के अभी से पदयात्री भक्तगणों की टोलिया खडवा के लिए रवाना होंने लगी है।

घटिया खाद्य सामुग्री बेचने के साथ ही यात्रियों के किमंती सामानों की कर रहे चोरी

पांढुरना के तिगांव स्टेशन पर अवैध वेंडरों तथा तस्करों का बोलबाला

नवभारतन्यूज,

पांढुरना, 2जुलाई, तिगांव एवं चिचौड़ा के बीच पहाडियों के कारण भोपाल की और जाने वाली प्रत्येक ट्रैनों को तिगांव स्टेशन पर रोककर ब्रैंकर (अतिरिक्त रेल इंजन) लगाया जाता है,जिसके कारण इस स्टेशन पर सर्वाधिक समय तक सभी ट्रैने रूकती है,इसी बात का लाभ उठाते हुए इस स्टेशन पर अवैध वेंडरों द्वारा निम्न क्वालिंटी की खाद्य सामुग्री के साथ ही अवैध धंधे तथा यात्रियों के सामानों की चोरी तथा लूट की कई घटनाएँ पूर्व में घटित हो चूकी है,लेकिन इसके बावजूद रेलवे सुरक्षा का दम भरने वाले अधिकारी तिगांव स्टेशन के अवैध वेंडरों पर कोई कार्यवाहीं नहीं

कर इनसे साठगाठ कर इन्हें खुली छूट देते है,जिसके कारण इन अवैध वेंडरों के हौसले बूलंद है . उल्लेखनीय है कि नगर के मध्य से होकर गुजरने वाली प्रमुख दिल्ली मद्रास रेल लाइन के तिगांव एवं चिचौड़ा के बीच घाटी तथा पहाड़ी होने के कारण भोपाल की ओर जाने वाली रेल गाड़ियों को तिगांव स्टेशन पर रोककर बैंकर लगाया जाता है,हालांकि कई एक्सप्रेस गाड़ियों में हाई पावर के रेल इंजन होने के चलते यह गाड़ी नहीं रूकती है,लेकिन फिर भी अधिकांश गाड़ियों को यहा रोकना पड़ता है,सदियों से जारी इस प्रक्रिया के चलते इस स्टेशन में अवैध दर्जनों वेंडरों का बोलबाला है,यह अवैध वेंडर रेल गाड़ियों में खाद्य सामग्री बेचने के बाहने सभी ट्रेनों के अंदर तक घुस आते हुए यात्रियों के सामानों की चोरी तथा लूट कर फरार हो जाते है,इस स्थान पर पूर्व में कई ट्रेनों में बड़ी लूट की घटनाएं घटित हो चूकी है,यहां रेल यात्रियों को लूटने के बाद यह लूटेरे इस क्षेत्र से लगे जंगल के रास्तों से होते हुए बड़ी ही आसानी से फरार हो जाते है .

सांठगांठ के चलते वेंडरों के हौसले बुलंद

तिगांव स्टेशन पर यह अवैध वेंडर 24 घंटे धमाचौकड़ी मचाते रहते है,स्टेशन परिसर में ही बैठकर जूआ,सट्टा,शराब, गांजा, चरस का स्वंय खुलेआम सेवन करने के साथ ही इन मादक पदार्थों को बेचने तथा तस्करी का अवैध करोबार भी लंबे अर्से से करते है,पूर्व में सक्रिय रेल पुलिस अधिकारियों ने कई नामी तस्करों से भारी तादाद में मादक पदार्थों के साथ रंगेहाथों गिरफ्तार भी किया है,लेकिन लंबे अर्से से जारी इस अवैध करोबारियों से अब यहीं रेलवे की सुरक्षा करने का दम भरने वाले अधिकारी इन अवैध वेंडरों तथा मादक पदार्थों की तस्करी करने वालों से साठगांठ करते हुए इन्हें खुला सरंक्षण दे रहे है,जिसके कारण इस क्षेत्र में अपराधिक गतिविधिया बहुत अधिक बढ़ गई .

हाईटेंशन विद्युत करंट लगने से झूलसा युवक

चिकित्सालय में भर्ती रख किया जा रहा उपचार

नवभारत न्यूज,

बड़चिचोली,2जुलाई,

ग्राम के निर्माणाधीन मकान में कार्य करने के दौरान एक श्रमिक द्वारा गलती से हाईटेंशन विद्युत लाइन को छूने से यह बुरी तरह झुलस गया,परिजनों द्वारा घायल श्रमिक को तुरंत ही नगर जिला मुख्यालय के शासकीय चिकित्सालय लाया जहां इसे भर्ती रख उपचार किया जा रहा है। ग्राम के सुभाष पंदे के निर्माणाधीन मकान की छत पर गुरुवार को स्लैब डाला जा रहा था,इसी मकान से लगकर हाईटेंशन विद्युत लाईन गुजर रहीं है,कार्य करने के दौरान गलती से श्रमिक पराग लाड़े का हाथ इस हाईटेंशन विद्युत लाइन के संपर्क में आते ही यह बुरी तरह झुलस गया,आनन-फानन में परिजनों ने इस उक्त श्रमिक को नगर जिला मुख्यालय के शासकीय चिकित्सालय ले

आए,जहां चिकित्सकों द्वारा बताया कि श्रमिक लगभग 25 प्रतिशत झुलस गया है,जिसे चिकित्सालय में ही भर्ती रखते हुए इसका उपचार किया जा रहा है।